demographic goals and targets to be achieved by the end of the 7th Five Year Plan. A well defined strategy has been framed to achieve these goals. The man features of the strategy are. increasing demand for contraception througkh improved communication approaches; expanding and improving the quality of out-reach services; promoting greater community participation through the involvement of voluntary organisations, intensifying population education, enhancing child survival rates and improving programme management.

मध्य रेलवे में दावों संबंधी दीवानी वाद

284. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में 75 हजार रुपये और उससे अधिक धनराशि के मूल्य के ऐसे कितने दीवानी वाद निर्णय हेतु लम्बित पड़ हैं, जिनमें मध्य रेलवे पक्षकार है और उन न्यायालयों के नाम क्या-क्या हैं ; और

(ख) उनमें से कितने दीवानी वादों में 1 नवम्बर, 1985 तक समझौता हो गया है तथा समझौता करने वाले पक्षकारों के नाम, न्यायालयों के नाम, वाद संख्या तथा उन में तय की गयी समझौते की मूल्य राशि सहित इन वादों का ब्यौरा क्या है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) : सूचना इक्कठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

इंदौर तथा दुर्ग में राष्ट्रीय राजमार्गों पर "बाइपासों" (उपमार्गों) का निर्माण

285. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परिवहन मंत्री ने इन्दौर में बम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर और दुर्ग में नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर "बाई पास" (उपमार्ग) के निर्माण की घोषणा की थी ; और

(ख) यदि हां, तो इन "बाइ-पासों" पर पृथक-पृथक कितनी धनराशि खर्च होने की संभावना है तथा सरकार कब तक निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है ?

जल भूतल परिवहन विभाग में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी, हां ।

(ख) राज्य सरकार इस निर्माण कार्य के लिये प्रारम्भिक सर्वेक्षण और अन्वेषण तथा अनुमान तैयार करने और भूमि अधिग्रहण के लिये कार्यवाही कर रही है । दुर्ग बाई पास के नक्शे को अंतिम रूप दे दिया गया है और अब राज्य सरकार को आवश्यक अनुमोदन प्रदान करने के लिये परियोजना तैयार करनी है । इन्दौर बाई पास के नक्शे को अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

इटारसी – झांसी रेल मार्ग पर रेल दुर्घटनायें

286. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : 1 जनवरी, 1985 से 31 जनवरी, 1986 की अवधि के दौरान मध्य रेलवे के इटारसी–झांसी रेल मार्ग पर कितनी रेल दुर्घटनाएं हुई तथा इन दुर्घटनाओं में कितने व्यक्ति मरे और घायल हुए, कितने मूल्य की रेलवे सम्पत्ति का नुकसान हुआ और कितने रेलवे वैगन यात्री डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : 1 जनवरी, 1985 से 31 जनवरी, 1986 तक की अवधि में इटारसी–झांसी खंड पर 17 रेल दुर्घटनाएं हुई ।

इन दुर्घटनाओं में किसी की मृत्यु नहीं हुई, यद्यपि 5 व्यक्तियों को मामूली चोटें आई थीं ।

इन दुर्घटनाओं में 57 माल डिब्बे और 10 सवारी डिब्बें क्षतिग्रस्त हुए और रेल सम्पत्ति को 34.7 लाख रुपए की अनुमानित क्षति हुई ।